# B.A. Part–I (Semester–II) Examination
## (Literature of Modern Language)
## HINDI LITERATURE

समय : तीन घंटे] [पूर्णांक : 80

सूचना :- सभी प्रश्न हल कीजिए।

1. (अ) संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- 8×1=8

"आज आदमी अपनी स्त्री से इसलिए नाराज रहते हैं कि उसके लड़कियाँ ही क्यों होती हैं, लड़के क्यों नहीं होते। जानते हैं कि इसमें स्त्री का दोष नहीं है, या है तो उतना ही जितना मेरा, फिर भी जब देखिए स्त्री से रूठे रहते हैं, उसे अभागिनी कहते हैं और सदैव उसका दिल दुखाया करते हैं। निरूपमा उन्हीं अभागिनी स्त्रियों में थी और घमंडीलाल त्रिपाठी उन्हीं अत्याचारी पुरूषों में।"

अथवा

"घर के अंदर के वातावरण में तारतम्यता थी, निरंतरता और दैनिकता की मिली-जुली उपलब्धि। दोपहर में रानी गृहलक्ष्मी कार्यक्रम आकाशवाणी से सुनती और सुनते-सुनते उसे झपकी लग जाती। ज्यादातर उसकी आँख सास की डपट से खुलती, "बाल-बच्चेवालियाँ कहीं दिन दोपहर इस तरह पैर फैलाकर सोती हैं, अरे, थोड़ी देर सूई सलाई लेकर बैठ, कपड़े पड़े हैं इस्त्री फेर ले। शाम का काम अभी शुरू भी नहीं किया तूने !"

(आ) 'एक टिकट महाविकट' पाठ का सारांश लिखिए। 8×1=8

अथवा

'खून का रिश्ता' कहानी में निहित आशय को स्पष्ट कीजिए।

2. (इ) संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- 8×1=8

"ये पन्ने अपने हाथों से बनाकर सिये थे। सोचा था तुम राजधानी से आओगे, तो मैं तुम्हें यह भेंट दूँगी। कहूँगी कि इन पृष्ठों पर अपने सबसे बड़े महाकाव्य की रचना करना। परन्तु उस बार तुम आकर भी नहीं आये और यह भेंट यहीं पड़ी रही। अब तो ये पन्ने टूटने भी लगे हैं, और मुझे कहते संकोच होता है कि ये तुम्हारी रचना के लिये हैं।"

अथवा

"तुम पूरी तरह नहीं समझ रही, मल्लिका। प्रश्न तुम्हारे घेरने का नहीं है। मैं अनुभव करता हूँ कि यह ग्राम-प्रान्तर मेरी वास्तविक भूमि है। मैं कई सूत्रों से इस भूमि से जुड़ा हूँ। उन सूत्रों में तुम हो, यह आकाश और ये मेघ हैं, यहाँ की हरियाली है, हरिणों के बच्चे हैं, पशुपाल हैं।"

(ई) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के आधार पर कालिदास का चरित्र-चित्रण कीजिए। 8×1=8

अथवा

'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की कथावस्तु लिखिये।

3. कहानी की परिभाषा देते हुए उसके तत्वों का सामान्य परिचय दीजिये। 16×1=16

अथवा

संस्मरण विधा का परिचय देकर उसकी विशेषताएँ लिखिए।

4. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लगभग बीस-पच्चीस पंक्तियों में लिखिए :- 4×4=16

(1) 'मैं नरक से बोल रहा हूँ' पाठ में निहित व्यंग्य को समझाइए।

(2) 'प्रायश्चित' कहानी का सारांश संक्षेप में लिखिए।

(3) सोमा बुआ की व्यथा का वर्णन कीजिए।

(4) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की नायिका 'मल्लिका' का चरित्र चित्रण संक्षेप में कीजिए।

(5) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक का उद्देश्य समझाइये।

(6) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक में मातुल की चारित्रिक विशेषताओं को लिखिये।

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ/अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :- 1×16=16

(1) 'मैं नरक से बोल रहा हूँ' में स्वर्गप्राप्ति किसको होती है ?

(2) प्रायश्चित कहानी में बिल्ली का नाम क्या है ?

(3) छड़ी कहानी के रचनाकार .............. हैं। (प्रेमचंद, अमरकान्त, दामोदर खडसे)

(4) मन्नू भंडारी द्वारा लिखित नारी प्रधान कहानी .................. है। (अकेली, प्रायश्चित, उमस)

(5) मुन्नी के बड़े भाई का नाम ................ है।

(6) सिद्धेश्वरी किस कहानी की पात्र है। ? (उमस, दोपहर का भोजन, नैराश्य)

(7) 'आषाढ़ का एक दिन' के कुल कितने अंक हैं ?

(8) अंबिका की पुत्री का नाम .................. है। (मल्लिका, संगिनी, प्रियंगुमंजरी)

(9) मल्लिका राजकन्या है। (कथन सत्य अथवा असत्य)

(10) नयी भूमि सुखा भी तो सकती है। (कथन किसने किससे कहा)

(11) हरिणशावक .............. के बाण से आहत होता है। (निक्षेप, दन्तुल, विलोम)

(12) कहानी के किन्हीं दो तत्वों के नाम लिखिए।

(13) 'कामायनी' कृति खंडकाव्य है। (कथन सत्य अथवा असत्य)

(14) कहानी को .................. का लघुरूप भी कह सकते हैं। (उपन्यास, महाकाव्य, खंडकाव्य)

(15) नैराश्य कहानी के लेखक प्रेमचंद हैं। (कथन सत्य अथवा असत्य)

(16) नाटक में संवाद होना आवश्यक है। (सत्य/असत्य)